कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कौशाम्बी

पत्रांकः 154 /D.L.S.A./कौशाम्बी दिनांकः 30.05.2024

विज्ञप्ति

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ व माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, कौशाम्बी के निर्देशानुसार गरीब, निर्धन, असहाय व्यक्तियों, कारागार में निरूद्ध बन्दियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराने हेतु राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (निःशुल्क और सक्षम विधि सेवायें विनियम–2010) के अन्तर्गत पैनल अधिवक्ता का पैनल तैयार किया जाना है, मुख्यालय स्तर पर 10 और प्रत्येक तहसील स्तर पर 5–5 अधिवक्ता का चयन गठित समिति द्वारा बनाया जायेगा। चयनित पैनल अधिवक्ता की वैधता तीन वर्ष के लिए होगी। चयनित पैनल अधिवक्ता को उ0प्र0 राज्य विधिक सवो प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी के संस्तुति उपरान्त, कार्यानुसार मानदेय देय होगा।

ऐसे इच्छुक अधिवक्ता जिनको विधिज्ञ व्यवसाय में कार्य करने का अनुभव 03 वर्ष से कम न हो और सिविल, दाण्डिक, संविधानिक विधि, पर्यावरण विधि, श्रमिक विधिक, वैवाहिक विवाद विधि, राजस्व विधि, चकबन्दी विधि आदि में किसी एक विधि व्यवस्था में विशेष अनुभवी हो, आवेदन कर सकते हैं।

आवेदक निर्धारित आवेदन पत्र को भरकर उसके साथ, उ0प्र0 बार काउन्लिस पंजीयन संख्या, स्थायी बार एसोसिएशन पंजीयन संख्या, विशेष रूप से किसी एक विधि व्यवसाय में अनुभव रखते हो और संबंधित बार एसोसिएशन अध्यक्ष/महामंत्री द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र तथा अन्य सुसंगत सूचना तथा औपचारिक प्रपत्रों को संलग्न करेंगे।

आवेदक उपरोक्त विनियम, नालसा वेबसाइट एवं कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी से उपरोक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। आवेदक, आवेदन से संबंधित समस्त औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए अपना आवेदन पत्र कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी में दिनांक 11.06.2024 की सायं 04 बजे तक प्राप्त करा सकते हैं।

30/05/2024

दिनांकः– 30.05.2024

(अनुपम कुमार)
जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
कौशाम्बी।

<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—</u>

1. श्रीमान् नोडल ऑफिसर, कम्प्यूटर अनुभाग, कौशाम्बी को जनपद न्यायालय, कौशाम्बी के वेबसाईट पर उक्त विज्ञप्ति और प्रारूप को अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।
2. श्रीमान् प्रभारी अधिकारी, नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय, कौशाम्बी को न्यायालय के नोटिस बोर्ड पर उक्त विज्ञप्ति एवं आवेदन के प्रारूप को चस्पा कराने हेतु प्रेषित।
3. जिलाधिकारी, कौशाम्बी को कलेक्ट्रेट और तहसीलों के नोटिस बोर्ड पर उक्त विज्ञप्ति एवं आवेदन के प्रारूप को चस्पा करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करें।
4. जिला सूचना अधिकारी, कौशाम्बी को उक्त विज्ञप्ति एवं आवेदन के प्रारूप को दैनिक समाचार पत्रों (हिन्दी व अंग्रेजी) में निःशुल्क प्रकाशित कराना सुनिश्चित करें एवं अधोहस्ताक्षरी को सूचना प्रेषित करें।
5. अध्यक्ष बार एसोसिएशन, कौशाम्बी जिला बार के नोटिस बोर्ड पर उक्त विज्ञप्ति एवं आवेदन के प्रारूप को चस्पा कराना सुनिश्चित करें।
6. अध्यक्ष बार एसोसिऐशन, तहसील मंझनपुर, कौशाम्बी तहसील बार के नोटिस बोर्ड पर उक्त विज्ञप्ति एवं आवेदन के प्रारूप को चस्पा कराना सुनिश्चित करें।
7. अध्यक्ष बार एसोसिऐशन, तहसील सिराथू, कौशाम्बी तहसील बार के नोटिस बोर्ड पर उक्त विज्ञप्ति एवं आवेदन के प्रारूप को चस्पा कराना सुनिश्चित करें।
8. अध्यक्ष बार एसोसिऐशन, तहसील चायल, कौशाम्बी तहसील बार के नोटिस बोर्ड पर उकत विज्ञप्ति एवं आवेदन के प्रारूप को चस्पा कराना सुनिश्चित करें।

30/05/2024

दिनांकः— 30.05.2024

(अनुपम कुमार)
जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
कौशाम्बी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी

पैनल अधिवक्ता के चयन हेतु आवेदन पत्र

नवीनतम रंगीन पसपोर्ट साइज स्व प्रमाणित फोटो

1. आवेदक का नाम ....

2. पिता/पति का नाम ....

3. जन्म तिथि (हाईस्कूल प्रमाण–पत्र के) ....

4. वर्ग/श्रेणी ....

5. स्थाई पता (पिन कोड सहित) ....

....

6. कार्यालय का पता (पिन कोड सहित) ....

....

7. बार संघ में पंजीयन संख्या एवं वर्ष ....

8. विधि व्यवसाय की प्रकृति (दीवानी/फौजदारी/राजस्व) ....

9. टेलीफोन/मोबाइल नं0 .... ई–मेल..

10 अभ्यर्थी की शैक्षिक योग्यता –

क0सं0	योग्यता	बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम	प्राप्तांक/कुल अंक	प्रतिशत
1				
2				
3				
4				

11. अनुभव (यदि कोई हो तो) ....

....

12. यह कि मैं.. पुत्र/पुत्री/पत्नी ....
घोषणा करता/करती हूँ कि मैं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी द्वारा आवंटित कार्य शासन द्वारा समय–समय पर निर्धारित दरों पर करने का/की इच्छुक हूँ तथा नोटिस/सूचना में दिये गये नियम व शर्तों को पूर्ण रूप से पढ़ लिया है, आवेदन पत्र में मेरे द्वारा दी गयी सभी सूचना सत्य है और उसमें कोई तथ्य छिपाया नही गया है। मेरे द्वारा दी गयी सूचना मिथ्या पाये जाने अथवा मेरे द्वारा छिपाये जाने पर मेरा आवेदन/चयन निरस्त कर दिया जाये।

दिनांकः ....

हस्ताक्षर

पूरा नाम ....

पता ....